

पीवी सिंधु पहुंची क्वार्टर फाइनल में

ओलिंपिक सिल्वर मेडल विजेता भारतीय स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने शानदार खेल दिखाते हुए डेनमार्क की मिया मिया ब्लिचफेल्ट हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। गुरुवार को प्री क्वार्टर फाइनल के मुकाबले में सिंधु ने दमदार खेल दिखाया और सीधे सेटों में 21–15, 21–13 से जीत हासिल की।

## भारतीय हॉकी टीम क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** तोक्यो। पुरुष हॉकी टीम ने शानदार खेल जारी रखते हुए लगातार दूसरी जीत हासिल की। स्पेन को मात देने के बाद गुरुवार को टीम ने अर्जेंटीना की टीम पर जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। आक्रामक खेल दिखाते हुए भारतीय टीम ने अर्जेंटीना के खिलाफ 3 गोल के किए और सिर्फ 1 गोल ही खाया। 3–1 से जीत हासिल करने के साथ ही भारत ने अंतिम चार में जगह पक्का कर ली। यह भारतीय टीम की चार मुकाबलों में तीसरी जीत है। पहला मैच न्यूजीलैंड को हराने के बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया से हार मिली थी। इसके बाद भारत ने स्पेन और फिर अब अर्जेंटीना को मात दी है। पहले क्वार्टर में दोनों टीम कोई गोल नहीं कर पाई और स्कोर 0–0 पर रहा। दूसरे क्वार्टर का खेल भी बिना किसी गोल के ही खत्म हुआ। तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने स्कोर 1–0 से अपने हक में किया। आखिरी क्वार्टर के खेल में अर्जेंटीना ने शुरुआत में गोल कर स्कोर 1–1 से बराबर कर दिया। इसके बाद भारतीय टीम की तरफ से दो और गोल किए गए जिसने अर्जेंटीना को वापसी का मौका नहीं दिया।

# बॉक्सिंग में भारत को बड़ा झटका एमसी मेरी कोम को मिली हार

**टोक्यो ओलिंपिक**

## ओलिंपिक का सातवां दिन भारत के लिए काफी अच्छा रहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। टोक्यो ओलिंपिक का सातवां दिन भारत के लिए अभी तक काफी अच्छा रहा है। हालांकि, इस दौरान पदक तो कोई नहीं मिला, लेकिन इसकी उम्मीद काफी बढ़ गई है। भारतीय मुक्केबाज सतीश कुमार, तीरंदाज अतनु दास और शटलर पीवी सिंधु ने पदक की उम्मीदें बढ़ा दी हैं। वहीं मुक्केबाज एमसी मेरी कोम का अंतिम–16 में हार गई हैं। अतनु जहां प्री– क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। वहीं सिंधु और मुक्केबाज सतीश कुमार ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। इसके अलावा पुरुष हॉकी टीम ने शानदार खेल जारी रखते हुए लगातार दूसरी जीत हासिल की। टीम ने गुरुवार को अर्जेंटीना की टीम पर जीत दर्ज करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

**बॉक्सिंग में बड़ा झटका:** बॉक्सिंग में भारत को बड़ा झटका लगा है।



छह बार की विश्व चैंपियन भारतीय मुक्केबाज एमसी मेरी कोम, महिला फ्लाईवेट (48–51 किग्रा) वर्ग के प्री–क्वार्टर फाइनल में कोलंबिया की इंग्रिट लोरेना वालेंशिया से हार गई हैं। उन्हें 3–2 से हार का सामना करना पड़ा।

**निशानेबाज मनु भाकर की शानदार वापसी:** टोक्यो ओलिंपिक में पिस्टर खराब होने के बाद विवादों में आई भारतीय युवा निशानेबाज मनु भाकर ने शानदार वापसी की है। मनु ने 25 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में गुरुवार को क्वालीफाइन राउंड में बेहतरीन प्रदर्शन किया। मनु इस वक्त 5वें नंबर पर चल रही हैं और भारत के पदक की उम्मीद को जिंदा रखा। वहीं भारत की एक और निशानेबाज राही सरनोबत 25वें स्थान पर रही। अब शुक्रवार को इस इवेंट में क्वालीफिकेशन का दूसरा राउंड रेपिड होगा। इस राउंड में टेबल में टॉप आठ खिलाड़ी फाइनल में जगह बनाएंगे। जिसके बाद ही मेडल के लिए मैच होगा।

**मुक्केबाजी में भी कामयाबी:** भारतीय मुक्केबाज सतीश कुमार (91kg) ने अपने दमदार पंच के दम पर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। जमैका के मुक्केबाज रिकार्डो ब्राउन को मात देते हुए अपने जीत का सफर जारी रखा। अंतिम 8 में पहुंचने के बाद अब भारतीय मुक्केबाजी से मेडल की उम्मदी बढ़ गई है।

**अतनु दास की शानदार कामयाबी** भारतीय तीरंदाज अतनु दास ने दूसरे राउंड में शानदार खेल दिखाते हुए हर किसी को चौंका दिया। ओलिंपिक मेडल विजेता और विश्व चैंपियन साउथ कोरिया के जिनयेक मात दी। भारतीय स्टार ने 6–4 से जीत हासिल करते हुए प्री– क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

# टोक्यो को लेकर जापानी अधिकारी चिंतित, डरा रहा कोरोना वायरस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

टोक्यो। जापान में कोरोना वायरस के मामले बढ़ने के बाद जापानी अधिकारी चिंतित हैं। अधिकारियों ने गुरुवार को तब अलार्म बजाया, जब टोक्यो में दो दिनों से लगातार रिकॉर्ड कोरोना वायरस संक्रमण के मामले सामने आ रहे हैं। जापान के मुख्य कैबिनेट सचिव कात्सुनोबु काटो ने संवाददाताओं से कहा कि हमने इस तरह के संक्रमणों के विस्तार का कभी सामना नहीं किया है। उन्होंने कहा कि नए मामले न केवल टोक्यो क्षेत्र में बल्कि पूरे देश में बढ़ रहे हैं।

जापान की राजधानी टोक्यो में चल रहे ओलिंपिक खेलों के बीच यहां कोरोना वायरस के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। टोक्यो



में बुधवार को कोरोना संक्रमण के 3177 नए मामले दर्ज किए गए। टोक्यो में एक दिन में संक्रमण का यह अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। टोक्यो ओलिंपिक की शुरुआत के बाद यह पहला मौका है, जब संक्रमण के दैनिक मामले 3000 के पार गए हैं।

जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, जापान ने अपने मामलों और मौतों को कई अन्य देशों की तुलना में कम रखा है लेकिन यहां बीते सात दिनों से औसत बढ़ रहा है और अब यह देश भर में प्रति 100,000 लोगों पर 28 और टोक्यो में 88 है।

टोक्यो में मंगलवार को 2,848 नए मामलों का रिकॉर्ड बना था। मगर बुधवार को इससे भी अधिक नए मामले सामने आएष पिछले साल की शुरुआत में महामारी फैलने के बाद जापान की राजधानी में संक्रमित लोगों का आंकड़ा दो लाख छह हजार 745 तक पहुंच चुका है। टोक्यो में ओलिंपिक की शुरुआत से पहले 12 जुलाई से इमरजेंसी लागू है।

लोगों के विरोध और महामारी फैलने की आशंका से जुड़ी चिंताओं के बीच ओलिंपिक खेल पिछले हफ्ते शुक्रवार को शुरू हुएष विशेषज्ञों का कहना है कि टोक्यो में संक्रमण के मामले वायरस के डेल्टा वैरिएंट के कारण है, जो काफी तेजी से फैलता है।

## वर्ल्ड कप में वरुण चक्रवर्ती टीम इंडिया में जरूर हों शामिल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह को लगता है कि अगर भारत को टी20 वर्ल्ड कप में अच्छा करना है तो उसके स्पिनर्स को अहम भूमिका निभानी होगी। इस साल अक्टूबर–नवंबर में टी20 वर्ल्ड कप यूएई में खेला जाना है और ऐसे में फिरकी गेंदबाजों की जिम्मेदारी काफी बढ़ जाती है। कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल और राहुल चाहर भारत की टी20 वर्ल्ड कप की टीम के अहम दावेदार हैं लेकिन हरभजन सिंह ने एक ऐसे गेंदबाज का नाम सुझाया है जो उनकी नजर में टीम में जरूर होने चाहिए। हरभजन का कहना है कि मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती इस टीम में जरूर होने चाहिए। वरुण चक्रवर्ती ने बीते साल अक्टूबर में अपने प्रदर्शन से काफी प्रभावित किया था। उसके बाद उन्हें ऑस्ट्रेलिया में टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया। हालांकि कंधे की चोट की वजह से वह इस दौरे का हिस्सा नहीं बन पाए। चक्रवर्ती को बाद में दोबारा फिटनेस की परेशानी हुई और वह इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से भी बाहर हो गए।

## न्यूज डायरी



### अब पृथ्वी शॉ और सूर्यकुमार यादव के रिप्लेसमेंट की ओर देख रही है बीसीआई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सूर्यकुमार यादव और पृथ्वी शॉ को शुभमन गिल, वाशिंगटन सुंदर और अवेश खान की चोटिल तिकड़ी के लिए रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के रूप में टीम में चुना था। सूर्यकुमार यादव और पृथ्वी शॉ इसी सप्ताह श्रीलंका से इंग्लैंड के लिए उड़ान भरने वाले थे, क्योंकि खिलाड़ी श्रीलंका के खिलाफ तीन–तीन मैचों की वनडे और टी20 सीरीज खेलने के लिए गए हुए थे। हालांकि, यहां उनके सामने एक बड़ी दिक्कत आ गई। दरअसल, तीन मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले से पहले ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या को कोविड–19 से संक्रमित पाया गया। इसी वजह से पृथ्वी शॉ और सूर्यकुमार यादव जाने की योजना भी खतरे में डल गई है, क्योंकि ये दोनों खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या के संपर्क में आ गए थे। इस तरह इन्हें कुछ समय के लिए आइसोलेट कर दिया गया है। यही वजह है कि इन खिलाड़ियों को दूसरे टी20 मैच, जो एक दिन बाद खेला गया, उसमें प्लेइंग इलेवन जगह नहीं दी गई।

### पेसर नवदीप सैनी के कंधे की चोट कितनी गंभीर?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत और श्रीलंका के बीच गुरुवार को सीरीज का तीसरा और आखिरी टी20 मुकाबला खेला गश। दूसरे टी20 में मेजबान श्रीलंका ने भारत को 4 विकेट से हराकर सीरीज में 1–1 की बराबरी कर ली है। ऐसे में तीसरा टी20 निर्णायक हो गए हैं। कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में बुधवार रात खेले गए मुकाबले में भारतीय पेसर नवदीप सैनी चोटिल हो गए। नवदीप को यह चोट फील्डिंग के दौरान लगी। उन्हें श्रीलंकाई पारी के 19वें ओवर में कंधे पर चोट लगने के बाद मैदान से बाहर ले जाना पड़ा। दाएं हाथ के इस पेसर को यह चोट एक्सट्रा कवर पर चमिका करुणारत्ने की कैच पकड़ने की कोशिश में लगी। नवदीप ने इस मुकाबले में एक भी गेंद नहीं फेंकी। दूसरे मैच में भारत ने 5 विकेट पर 132 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने 2 गेंद बाकी रहते 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।

### आपको टीम में प्रतिभा के दम पर चुना जाता है, घूमने के लिए नहीं: द्रविड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलंबो। भारतीय क्रिकेट टीम के करीब नौ खिलाड़ी आइसोलेशन में हैं और ऐसे में उसे श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के दूसरे मैच में उसे बचे हुए 11 खिलाड़ियों के साथ ही मैदान पर उतरना पड़ा। कोविड–19 के असर के कारण भारतीय टीम प्रबंधन के पास कोई विकल्प नहीं बचा था। टीम प्रबंधन को सभी खिलाड़ियों को मैदान पर उतारना पड़ा। भारत की ओर से टी20 इंटरनैशनल में देवदत्त पडिक्कल, रुतुराज गायकवाड़, नीतीश राणा और चेतन साकरिया ने टी20 इंटरनैशनल डेब्यू किया। भारतीय कोच राहुल द्रविड़ ने इन खिलाड़ियों को चुने जाने को लेकर हो रही प्रतिक्रियाओं पर अपनी राय दी। उनका मानना है कि जिस भी खिलाड़ी को इस दौरे पर चुना गया वह भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए पूरी तरह फिट है।

### पत्नी के बढ़ाए हौसले से अतानु ने ओलिंपिक चैंपियन को किया चित

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोनावायरस महामारी के खतरे के मद्देनजर तोक्यो ओलिंपिक खेलों में फैंस एंट्री पर बैन है। बावजूद इसके गुरुवार को भारत के अनुभवी तीरंदाज अतानु दास जब अपने मुकाबले में उतरे तो दर्शक दीर्घा में एक महिला उनकी हौसला बढ़ाते हुई नजर आई। दरअसल, यह वह कोई और नहीं बल्कि वर्ल्ड नंबर वन अतानु की पत्नी दीपिका कुमारी थीं। अतानु दूसरे दौर के बेहद रोमांचक मुकाबले में दो बार ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया के ओह जिन हयेक को शूट ऑफ में हराकर पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा के तीसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। अतानु ने पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए 6–5 से जीत दर्ज की। इस दौरान दीपिका दर्शक दीर्घा में बैठकर अतानु की लगातार हौसला बढ़ाती रहीं।